दैनिक भास्कर

# डीएसओ के नेतृत्व में कार्रवाई:तारण गांव में छापा, 78 किलो मिलावटी घी सीज



- टीम ने दो फर्मो‌ें से सरसों के तेल के लिए नमूने, दुकानदारों में हड़कंप मचा

शहर के समीप तारण गांव में सोमवार को रसद व खाद्य विभाग की टीम ने 78 किलोग्राम घी सीज कर लिया। टीम को देखकर अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई डीएसओ विनिता शर्मा के नेतृत्व में की गई। डीएसओ ने बताया कि घी प्रथमदृष्टया नकली होने का अंदेशा है। ऐसे में घी का‌े सीज कर जांच के लिए नमूना जयपुर लेबोरेट्री में भेजा गया है। टीम ने शहर के रीको क्षेत्र स्थित दो फर्मों से सरसों के तेल का भी नमूना लिया है। रसद विभाग के मुताबिक कई दिनों से नगरपरिषद क्षेत्र स्थित तारण गांव में नकली घी बेचने की शिकायतें मिल रही थी। इस पर डीएसओ विनिता शर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक मुनेश मीना, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर आदि ने तारण गांव स्थित श्योजीलाल की दुकान पर छापा मारा।मौके पर एक एक किलोग्राम की पॉलिथिन में पैक किया हुआ घी मिला। हालांकि दुकान में घी तैयार करने की कोई सामग्री नहीं मिली। टीम ने प्रथमदृष्टया घीको मिलावटी मानते हुए सीज कर लिया।

**दीपावली के बाद जिले में फिर सक्रिय हुआ रसद विभाग**

टीम ने शहर स्थित रीको क्षेत्र में पहुंचकर सरसों के तेल का भी नमूना लिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र स्थित दो इंडस्ट्रीज से भी सरसों के तेल के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए है। उल्लेखनीय है कि दीपावली के बाद रसद विभाग की ओर से कई दिनों बाद यह कार्रवाई सामने आई है। इससे पहले पांच विभागों की संयुक्त टीमों की ओर से जिले के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई कर अवमानक मिल रहे दूध, मावा, पनीर व अन्य दूग्ध उत्पाद, आटा, बेसन, तेल, घी के नमूले लिए लिए गए थे। इससे मिलावटियों पर अंकुश लगा था।

Source:

https://www.bhaskar.com/local/rajasthan/jaipur/tonk/news/raided-in-taran-village-78-kg-adulterated-ghee-128087887.html